दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 38 मुरादाबाद 30 May 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## स्टार्टअप हो रहे सफल, अच्छे आइडिया से बना सकते हैं धन- PM मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रेडियो कार्यक्रम मन की बात के जरिए देशवासियों को संबोधित कर रहे हैं। आज मन की बात का 89वां संस्करण है। पीएम मोदी हर महीने के आखिरी रविवार को सुबह 11 बजे मन की बात करते हैं। इस कार्यक्रम के लिए लोग अपने विचार और सुझाव भी साझा कर सकते है। पीएम मोदी उनमें से कुछ चयनित विचारों व सुझावों को अपने कार्यक्रम में शामिल भी करते हैं। रूस ने छोटे शहरों को कब्जे में लिया संपूर्ण पूर्वी यूक्रेन पर कब्जा करने के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के रूसी दावे के बीच राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने यूरोपीय देशों द्वारा पाबंदियां लगाकर तथा यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति कर उनके देश को दंडित करने के संकल्प को शनिवार को डिगाने का प्रयास किया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी सैनिकों एवं क्रेमलिन समर्थित अलगाववादियों के संयुक्त दल ने दूसरे छोटे शहर लीमान को पूरी तरह से मुक्त करा लिया है। इन अलगाववादियों ने रूस से सटे औद्योगिक क्षेत्र डोनबास में आठ साल पहले लड़ाई शुरू की थी।

### कोरोना से अनाथ हुए बच्चों के अकाउंट में सोमवार को पैसे डालेंगे PM मोदी, हेल्थ कार्ड भी सौंपेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को सुबह 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बच्चों के लिए PM CARES योजना के तहत लाभ जारी करेंगे। वह स्कूल जाने वाले बच्चों को स्कॉलरशिप ट्रांसफर करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन की पासबुक और आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य कार्ड भी सौंपेंगे। 11 मार्च 2020 से 28 फरवरी 2022 के दौरान माता-पिता या कानूनी अभिभावक या दत्तक माता-पिता या जीवित माता-पिता दोनों को कोविड-19 महामारी से खो चुके बच्चों का समर्थन करने के लिए 29 मई 2021 को प्रधानमंत्री की ओर से PM CARES योजना शुरू की गई। इस योजना का उद्देश्य बच्चों के लिए रहने की व्यवस्था करना, शिक्षा और छात्रवृत्ति के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए वित्तीय सहायता से लैस करके देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### योजना के तहत किस तरह के मिलेंगे लाभ

पीएमओ के मुताबिक, कोरोना की वजह से अनाथ हुए बच्चों को 18 वर्ष होने पर मासिक भत्ता दिया जाएगा और 23 वर्ष होने पर पीएम केयर्स फंड से 10 लाख रुपये दिए जाएंगे। उनकी मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी। पीएमओ ने कहा कि कोरोना की वजह से अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों को 18 साल की अवधि तक पांच लाख का मुफ्त हेल्थ बीमा भी मिलेगा।

साथ ही ऐसे बच्चों की उच्छ शिक्षा के लिए एजुकेशन लोन दिलाने में मदद की जाएगी और इसका ब्याज पीएम केयर्स फंड से वहन किया जाएगा।

### 8 साल पूरे होने पर भाजपा की व्यापक तैयारी

वहीं, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के आठ साल होने पर भाजपा ने देश भर में सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण पखवाड़ा के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। सरकार के सभी केंद्रीय मंत्री, राज्य सरकारों के मंत्री, केंद्रीय पदाधिकारियों से लेकर मंडल तक के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में 75 घंटे तक जनसंपर्क कर केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को पहुंचाएंगे। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा 30 मई को दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस करेंगे।

## 'आपके बच्चों को गुंडा और बलात्कारी बना देंगे भाजपाई', कुरुक्षेत्र से केजरीवाल ने फूंका चुनावी बिगुल



पंजाब का किला फतह कर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपनी नजरें हरियाणा में गड़ा दी हैं। साल 2024 के हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। हरियाणा के इस लाल ने शुरुआत ही एक तंज से की। कहा कि त्रेतायुग में राम जी ने रावण का घमंड तोड़ा, द्वापरयुग में कृष्ण जी ने कंस का घमंड तोड़ा और कलयुग में किसानों ने भाजपाईयों का घमंड तोड़ा। केंद्र की मोदी और मनोहर लाल खट्टर की प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग चाहते हैं कि उनके बच्चे गुंडे, दंगा करने वाले और बलात्कारी बनें, उन्हें उन्हें भाजपा के पास भेजना चाहिए। सरकारी स्कूलों को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों के छात्र अब अपने निजी स्कूल के समकक्षों के बराबर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इस साल दिल्ली सरकार के स्कूलों में शामिल होने के लिए 4 लाख छात्रों ने निजी स्कूलों को छोड़ दिया।" उन्होंने कहा, दिल्ली सरकार के 400 छात्रों ने इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं को पास किया और प्रतिष्ठित कॉलेजों में प्रवेश किया।

### मेलानिया ट्रंप ने किया था दिल्ली स्कूल का दौरा

वे आगे कहते हैं, 卐मैं एक साधारण आदमी हूं, मैं राजनीति नहीं जानता। मैंने दिल्ली सरकार के स्कूलों में सुधार किया है। स्कूलों ने इस बार 99.7 प्रतिशत परिणाम प्राप्त किए हैं। मेलानिया ट्रंप ( अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला ) दिल्ली के एक सरकारी स्कूल का दौरा करने आई थीं। ( मनोहर लाल ) खट्टर सरकार का स्कूल देखने कौन आता है?

### हरियाणा की स्कूलों को भी समृद्ध बनाएंगे

पंजाब का किला फतह करने के बाद हरियाणा पर नजर गड़ाए केजरीवाल ने वादा किया कि अगर उन्हें मौका मिलता है तो वे सरकारी स्कूलों की मरम्मत करेंगे। उन्होंने कहा, "जो चाहते हैं कि उनके बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, वकील बनें, वे हमारे साथ आएं। जो चाहते हैं कि वे दंगाई, गुंडे, बलात्कारी बनें, उनके ( भाजपा ) साथ जाएं। ऐसे सभी तत्व उस पार्टी में हैं।"

### भाजपा को बेरोजगार गुंडो की जरूरत

उन्होंने कहा, "वे आपके बच्चों को कभी नौकरी नहीं देंगे क्योंकि उन्हें अपनी पार्टी के लिए बेरोजगार गुंडों की जरूरत है। वे आपके बच्चों को दंगा करना और अपने बच्चों को विदेश भेजना सिखाएंगे।"

## 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी अभी से करें, 75 सीटें जीतने का होगा लक्ष्य: योगी आदित्यनाथ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के कार्यकर्ताओं को अभी से 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अगले चुनाव की भाव भूमि हमें अभी से तैयार करनी होगी और एक बार फिर से लोकसभा की 75 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना है। रविवार को लखनऊ में स्थित अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में पार्टी की एक दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए सीएम योगी ने 30 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा की सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। योगी ने मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि 2024 के चुनाव की भाव भूमि हमें अभी से तैयार करनी होगी। यह बैठक प्रदेश पार्टी अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पार्टी को विधानसभा चुनाव में बेहतर परिणाम मिला है, इसलिए हमें 2024 के लिए अभी से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में एक बार फिर से हमें साबित करना है, इसलिए 75 लोकसभा सीटों का लक्ष्य लेकर अभी से आगे बढ़े। सीएम योगी ने भरोसा जताया कि वह आप सभी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से एक बार फिर से यह साकार होगा और यह कार्यसमिति उस विश्वास के साथ आगे बढ़ेगी।



# भाजपा किसान मोर्चा महानगर ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात सुनी

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा महानगर के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात सुनी इस कार्यक्रम में महानगर के समस्त कार्यकर्ता थे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने की इसका संचालन भारत भूषण ने किया भाजपा किसान मोर्चा महानगर के कार्यकर्ताओं ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात सुनते समय जमकर तालियां बजाई मोदी जी जिंदाबाद योगी जी जिंदाबाद के नारे लगाए गए भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि भारत के प्रधानमंत्री पूरे विश्व स्तरीय अच्छे नेता विश्व के लोकप्रिय नेता माननीय नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम में बहुत महत्वपूर्ण बातें पूरे देश को बताइ महानगर के समस्त कार्यकर्ताओं ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात बड़े उत्साह एवं मन से सुनी इस समय मौजूद भाजपा किसान मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह उपाध्यक्ष सुशील भारद्वाज महामंत्री संदीप अग्रवाल मंत्री भारत भूषण सदस्य कार्यकारिणी पवन कुमार सिंह विवेक पंडित सिद्धार्थ पंडित तेजेंद्र पाल सिंह सदस्य महानगर कार्यकारिणी सनी ठाकुर डंबर सिंह महेश चंद बघेल ऐसी प्रधान भोले किशन आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे स्थान नौरंगाबाद शिवाजी मार्ग अलीगढ़

## मरवाही विधायक डॉ के के ध्रुव ने किया चिचगोहना में सी सी रोड का भूमिपूजन बोले गांवो के विकास के प्रति प्रतिबद्ध

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही / मरवाही ब्लाक के ग्राम चिचगोहना के धनवरी टोला में माननीय मरवाही विधायक (राज्यमंत्री) डॉ के के ध्रुव और कांग्रेसी नेताओं के साथ धनवरी टोला में 200 मीटर सी सी रोड लागत 5 लाख का भूमिपूजन किये 'विदित है कि धनवरी टोला जंगल में बसा है और आने जाने में आमजनों को असुविधा होती थी ' आज इस सी सी रोड का कार्य प्रारंभ होने से लोगो को बड़ी राहत मिलेगी धनवरी टोला के आमजनों से मरवाही विधायक चर्चा करते हुए कहा कि पूरे जिला का सम्पूर्ण विकास हो रहा है 'सड़क पुल पुलिया स्वस्थ बिल्डिंग स्कूल भवनों का निर्माण हो रहा है ' पर अब वो समय आ गया है कि हम गांवो को भी विकसित करें ' बुनियादी सुविधाओं को भी मैं विषय ध्यान दे रहा हूं गांवो में टोला मोहल्ला सी सी रोड नली पुलिया का निर्माण को भी विशेष प्राथमिकता में रखकर कार्य योजना बना रहे है कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस नारायण शर्मा जिला महामंत्री राकेश मसीह जिला प्रवक्ता कांग्रेस वीरेंद्र सिंह बघेल सरपंच हरिश्चंद्र नितिन राय पंच एवंम अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# नील गाय के मांस के साथ दो महिला सहित सात गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




श्रावस्ती- इकौना -बीती रात नवीन मॉर्डन पुलिस थाना श्रावस्ती की पुलिस ने नील गाय के मांस के साथ 2 महीला सहित 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। छुरी, ठीहा, जाल अन्य सामान पुलिस ने सीज कर अभियुक्तों को भेजा जेल। पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविन्द कुमार मौर्य महोदय द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम नवीन मॉर्डन पुलिस थाना श्रावस्ती के प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय पुलिस बल के साथ रात्रि भ्रमण करते हुए कस्बा कटरा में पहुंचे थे कि मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम बरईपुरवा गाँव में हनीफ पुत्र अनवर द्वारा नील गाय की हत्या कर मांसे के टुकडे काट काट करके छोटा बडा आवश्यकतानुसार अपने लिए तथा लोगो को बेचने के लिए तैयार कर रहे हैं। जिस पर थाना प्रभारी ने पुलिस बल छापा मारकर हनीफ पुत्र अनवर निवासी ग्राम बरईपुरवा दा0 कटरा,नसीबुद्दीन उर्फ मझिलके पुत्र अरमान अली निवासी ग्राम बरईपुरवा दा0 कटरा, शमशेर अली पुत्र हकीम नि0 ग्राम अमारेभरिया, इब्राहिम पुत्र जलील अहमद नि0 ग्राम खरगौरा गनेश, हासिम अली पुत्र अनवर अली नि0 ग्राम बरईपुरवा दा0 कटरा, करीना पत्नी रिज्जू नि0 ग्राम चौधरी पुरवा दा0 कटरा , बिट्टा पत्नी फदिल्ले नि0 चौधरी पुरवा दा0 कटरा के पास से 4 अदद चाकू छोटा बडा एक अदद हसिया, रस्सी की जाल रंग बिरंगी, एक तराजू व 1 द्वद्द का बाट सहित गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय थाना पर मुकदमा अपराध संख्या 0043/2022 धारा 9/51 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 पंजीकृत कर अभियुक्तगणो को जेल भेज दिया है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र राय, उप निरीक्षक राजेश यादव, सिपाही राकेश कुमार,अमित कुमार शुक्ला,आरक्षी मनोज वर्मा, रमाकान्त वर्मा, अनूप कुमार, मुकेश कुमार गन्धर्व, निखिल कुमार सिंह, रोहित यादव, महिला आरक्षी रवीना व महिला आरक्षी पूजा मौजूद रहीं।

# गंदे नाले के अंदर बोरे मैं भरे मिले कई गायों के अवशेष




लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अकराबाद- विकासखंड अकराबाद के अंतर्गत गांव नानऊ के नानऊ पुल चौराहे से पिलखना चौराहे वाले हाईवे पर नगला रिसालदार से थोड़ा आगे निकल कर गंदा नाला में बोरे मैं कई गायों के अवशेष मिले आज सुबह नानऊ से पिलखना रोड पर मछली पालन के पास स्थित गंदे नाले में पांच गायों के अवशेष मिले सुचना मिलने पर वहां मौके पर पहुंचकर पुलिस को सुचना दी पूरे पुलिस बल के साथ अपनी पूरी टीम के साथ हिन्दू रीति रिवाज से उनका दाह संस्कार कराया

उनके खिलाफ पिलखना चौकी में जाकर अज्ञात लोगों के खिलाफ छ्ह, स्ह, उनकी पूरी टीम की मौजूदगी में सख्त से सख्त कार्रवाई करने के लिए स्न्र.ढ्ढ.क्र दर्ज करायी इस मौके पर अखिलेन्द्र सिंह राहुल पवन ठाकुर, चीकू ठाकुर, गुड्डू ठाकुर, सोनू, मोनू ,जीतू, जीतू पंडित,विजय, दीपक, बंटी, कालू, आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे!!

# गाँजा तस्करी के प्रकरण में फरार आरोपी को किया गया गिरफ्तार

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- अपचारी बालक सहित 3 आरोपी पूर्व में किये गए थे गिरफ्तार थाना गौरेला - अपराध क्रमांक 183/ 22 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट आरोपी - विनोद उर्फ मोनू चौधरी पिता सूंदर चौधरी निवासी लालपुर थाना गौरेला जीपीएम पुलिस गांजे के फरार कारोबारियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही कर रही है। पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल के द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि गांजा के प्रकरणों में फरार आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तारी कार्यवाही की जाए। इसी तारतम्य में थाना गौरेला की टीम के द्वारा थाना गौरेला के अपराध क्रमांक 183/22 धारा 20 बी एन डी पी एस एक्ट के प्रकरण में अतिरिक्ति अशोक वाडेगावकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गौरेला की टीम के द्वारा फरार आरोपी विनोद उर्फ मोनू चौधरी पिता सूंदर चौधरी निवासी लालपुर को आज दिनाँक 29/5/22 को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। विदित हो कि उक्त अपराध में अब तक एक अपचारी बालक सहित 3 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है .

# आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- स्व0 श्यामता प्रसाद चौधरी महिला पीजी कालेज खरगौरा बस्ती कटरा श्रावस्ती में आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय (क्रांतिकारी आंदोलन के विकास में वीर सावरकर का योगदान) था। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सिम्मी तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करके किया। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्रतिभागी 50 छात्राओं ने अपने अपने अनुसार वीर सावरकर के योगदान को अपने-अपने भाषण के माध्यम से उजागर किया। प्रतिभागी समस्त छात्रों ने विचारों को सुनकर महाविद्यालय के शिक्षकों का निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। जिसने बीए प्रथम वर्ष की छात्रा दीक्षा चौधरी को प्रथम स्थान, संध्या पाण्डेय को द्वितीय स्थान तथा साक्षी मिश्रा को तृतीय स्थान प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक आशुतोष पाण्डेय, अशोक मिश्रा वेदप्रकाश शर्मा एवं शिक्षिका रुचि,शैनलता सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ उपस्थित रही।

# PM Modi की मन की बात में नहीं गूंजी अमरोहा की ढोलक, किसी भी कारोबारी से नहीं हुआ संवाद



अमरोहा-रविवार की सुबह 11 बजे लकड़ी हस्तकला एसोसिएशन के अध्यक्ष शक्ति कुमार अग्रवाल के आवास पर पीएम के मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। आधा घंटा तक यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अलग-अलग राज्यों के मेहनतकश लोगों के द्वारा स्थापित किए गए कीर्तिमान का जिक्रय किया और अन्य लोगों से भी उनकी तरह बनने की अपील की। लेकिन, अमरोहा की ढोलक का कोई जिक्र नहीं किया गया। कार्यक्रम में केवल कारोबारियों की बैठे हुए तस्वीर जरूर दिखाई गई। इस पर ही उन्होंने संतोष कर पीएम के संबोधन को सराहा। पीएम के लाइव टेलीकास्ट को लेकर जनपद के ढोलक कारोबारियों में जबरदस्त उत्साह नजर आया। सुबह साढ़े दस बजे से ही कारोबारी व कारीगर संवाद की भनक लगते ही अध्यक्ष के आवास पर जम गए। थोड़ी देर बाद भाजपा कार्यकर्ता भी वहां पहुंच गए। काफी भीड़भाड़ जमा हो गई। जैसे ही कार्यक्रम का सजीव प्रसारण शुरू हुआ वैसे ही सब शांत हो गए। उनके द्वारा बताए गए लोगों की मेहनत की कहानी ध्यानपूर्वक सुनी। इसी बीच ढोलक कारीगरों की तस्वीर लाइव दिखाई गई। जिस पर कारोबारी खुश हुए। साढ़े ग्यारह बजे तक पीएम का संबोधन चला लेकिन, उन्होंने न तो अमरोहा का नाम लिया और न ही ढोलक का जिक्रय किया। केवल तस्वीर देखकर ही कार्यकर्ता खुश नजर आए। संबोधन खत्म होते ही भारत माता की जयकारे लगाते हुए बाहर निकल गए। जरूरतमंदों ने एक-एक रुपये में मिनी चैरिटी बाजार से खरीदे कपड़े = इनरव्हील क्लब अमरोहा सरगम के तत्वावधान में धर्मशाला में एक मिनी चैरिटी बाजार का आयोजन किया गया। कमजोर वर्ग के लोगों के लिए सभी जरूरी वस्तुएं उपलब्ध थी। जिसमें जरूरतमंदों ने एक-एक रुपये में कपड़ों व अन्य वस्तुओं कीखरीदारी की। क्लब अध्यक्ष प्रीति लोचन ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए जरूरत की सभी वस्तुएं एक ही स्थान पर उपलब्ध थी। जिसमें मात्र एक-एक रुपये में जरूरतमंदों को उपलब्ध कराई गई। इस चैरिटी हाट का आयोजन संस्था के सभी सदस्यों के सहयोग से हुआ है। मिनी बाजार में, पुरुष, महिला, बच्चों के कपड़े एवं घर की जरूरत का सामान, डेकोरेशन का सामान उपलब्ध था। कार्यक्रम में सचिव नीतू रस्तोगी, शालिनी कपूर, नीतू अग्रवाल, प्रीति मालीवाल, पारू महेश्वरी आदि सदस्य मौजूद रहीं।

# रालोद कार्यकर्ताओं ने चौधरी चरण सिंह को किया नमन




मुरादाबाद-रालोद कार्यकर्ताओं ने तहसील क्षेत्र के ग्राम देहरी जुम्मन में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 35 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने अपना पूरा जीवन किसानों, दलितों, पिछड़ों एवं गरीबों की भलाई के लिए समर्पित कर दिया। भाजपा सरकार किसानों का उत्पीड़न कर रही है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में वादा किया था कि किसानों के लिए सिंचाई की बिजली मुक्त करेंगे मगर सिर्फ आधे बिल की घोषणा की है। राष्ट्रीय लोकदल हमेशा किसानों के साथ रही है। राष्ट्रीय लोकदल ने हमेशा किसानों की आवाज उठाने का कार्य किया है। इस अवसर पर सतेन्द्र सिहं देवल, गुडडू सिहं, मनोज चौधरी शेखपुरा, केहर सिंह देवल शेखपुरा, अरुण देवल प्रधान शेखपुरा, शकील अहमद, दुलहे हसन प्रधान देहरी जुम्मन, मंजूर मलिक, शाकिर हुसैन, परम सैनी, पीतमपुरा प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# कांठ में हज यात्रियों को दिया गया प्रशिक्षण



मुरादाबाद-मदरसा नासिर उलूम में हज ट्रेंनिंग कैंप का आयोजन किया गया। इसमें कांठ से हज 2022 में जाने वाले हाजी यात्रियों को प्रशिक्षण दिया गया। ट्रेंनिंग कैंप में मौलाना मो. यामीन नाजिमे आला मदरसा नासिर उलूम ने यात्रा से संबंधित बातों को बताया। मुफ़्ती जावेद व मौलाना मोहम्मद दानिश ने भी हज यात्रा से संबंधित जानकारियों को साझा किया। डॉ सिराजुद्दीन ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में हाजी रिजवान शकील का सराहनीय योगदान रहा। इस दौरान शुजाअत करीम, इरशाद अहमद, नईम अहमद, फसाहत करीम, आरिफ अली आदि का भी योगदान रहा। उन्होंने बताया कि 2 व 3 जून को मुरादाबाद के मदरसा इमदादिया स्थित रामपुर दोराहा एकता विहार में जिले के तमाम हाजियों के टीकाकरण व बैगों का वितरण होगा। संचालन हाफिज मो. साबिर ने किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 50 हज हजयात्रियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# ठाकुरद्वारा में टैंपो चालकों में मारपीट, मची भगदड़



मुरादाबाद-काशीपुर-मुरादाबाद हाईवे पर उत्तराखंड के टैंपो चालकों में रविवार की दोपहर यात्री बैठाने को लेकर जमकर मारपीट हुई। इससे हाईवे पर भगदड़ मच गई। उत्तराखंड परमिट के टैंपो काशीपुर से ठाकुरद्वारा के बीच संचालित किए जा रहे हैं। नियमानुसार टैंपो यूपी के भीतर प्रवेश नहीं कर सकते लेकिन ये टैंपो न केवल प्रदेश में घुस रहे हैं बल्कि 15 से 20 किलोमीटर देहात में सवारी ले जा रहे हैं। रविवार की दोपहर तो टैंपो चालकों में सवारी बैठाने को लेकर मारपीट हो गई। इससे यहां भगदड़ मच गई।

## 13 सवारियां ढो रहे टैंपो

टैंपो में चालक समेत केवल चार यात्री बैठाने की क्षमता का परमिट बनता है। लेकिन टैंपो चालक 12 से 13 यात्री तक बैठाकर नियम कानून की धज्जियां उड़ा रहे है। परिवहन विभाग की सख्ती के बावजूद टैंपो चालक यूपी में प्रवेश कर पुलिस प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# कांठ थाने में हुई बैठक में प्रधानों की समस्याओं के निस्तारण का भरोसा दिलाया



मुरादाबाद-थाना कांठ परिसर में क्षेत्र के गणमान्य लोगों व ग्राम प्रधानों की बैठक में प्रधानों की समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन प्रभारी निरीक्षक ने दिया। बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने सभी ग्राम प्रधानों से परिचय किया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि ग्राम प्रधान अपने गांव में छोटे-छोटे विवादों में दोनों पक्षों को आपस में बैठाकर निस्तारण करवाने का प्रयास करें, ताकि कोई बड़ा विवाद उत्पन्न न हो। अगर जरूरत पड़ती है तो पुलिस का सहयोग ले सकते हैं। सभी प्रधान इस बात की जिम्मेदारी निभाएं कि वह किसी के साथ गांव में पक्षपात न करें। क्योंकि ग्राम प्रधान के लिए सब लोग बराबर होते हैं। ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने कहा कि ग्राम प्रधान अपने संगठन को और मजबूत रखें साथ ही पुलिस प्रशासन का सहयोग समय-समय पर लें। यदि पुलिस प्रशासन को प्रधानों के सहयोग की आवश्यकता पड़ती है तो वह भी प्रधानों का सहयोग लें। इस अवसर पर ग्राम प्रधान संजीव कुमार, साजिद यासीन, कमल सिंह, सत्यपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख, समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# The growing drug trade in India is the reason behind the nefarious designs of Afghanistan and Pakistan

It is a matter of concern for the past few years, the way drugs which are being stolen from outside in different parts of the country. Recently, the Narcotics Control Bureau (NCB) busted another big racket of drug smuggling and arrested eight people. He seized about 35 kg of heroin from them. The racket came to light when seven kg heroin was recovered from two women who reached Bengaluru from Zimbabwe. According to the NCB, this drugs racket was spread across the country and its leader is a Nigerian. A few days ago a huge consignment of narcotics was recovered from Shaheen Bagh area in Delhi. Those arrested with this seizure had links with drug smugglers from Afghanistan to Pakistan. Just as many Afghans living in India are involved in the drug trade, so are some Nigerians. Some of them are preparing drugs in India itself. This is nothing but the culmination of audacity. How the influx of narcotics is increasing in India, it is known from this that the continuous recovery of drugs from different parts of the country continues. Earlier, narcotics were coming from Pakistan's border with Jammu and Kashmir and Punjab, but now consignments of drugs are also coming through sea and air route. This suggests that international drug smugglers have made India their favorite destination. The possibility of an increase in the inflow of narcotics into India had increased only when the Taliban took control of Afghanistan. Opium is cultivated on a large scale there. Instead of stopping it, the Taliban are trying to promote it and Pakistan is helping them. India should be wary of this nefarious nexus because the proceeds from the drug trade are also used to support terrorist organizations. Another motive of drug smugglers is to ruin the young generation of the country. It is the result of the increasing activity of drug smugglers that consignments of narcotics are reaching even small towns of the country. On the basis of the way the Narcotics Control Bureau has seized drugs from different places in the country in the last few months, it can also be concluded that this seizure is the result of his awareness, but the question is whether All the drugs being caught, which are being brought to India?

## Your eyes will be torn after seeing the bikini avatar of the daughter-in-law of 'Kaleen Bhaiya' wrapped in a sari, hold your heart before seeing the picture

There has been a lot of craze among the audience regarding both the seasons of the web series 'Mirzapur'. Both the seasons have been well received by the audience. After the first and second seasons, now the audience is eagerly waiting for the third season of 'Mirzapur'. Recently, the dangerous look of 'Guddu Bhaiya' from 'Mirzapur 3' has come to the fore. At the same time, all its artists were well-liked. Whether it is Munna Bhaiya or Madhuri Yadav who plays the role of his CM wife. Madhuri Yadav's character is played by Isha Talwar in the show. Isha is quite bold and bold in real life. Along with acting, she is also very active on social media. She keeps sharing her latest pictures and videos on social media every day. At the same time, his fan following can be gauged from the fact that any picture of him becomes viral as soon as it comes on social media. At the same time, Isha also treats the fans through her bold and bikini pictures. So let's take a look at 'Kaaleen Bhaiya' daughter-in-law Madhuri Yadav i.e. Isha Talwar's social media account is full of her bold bikini pictures. Isha keeps on adding her boldness on social media every day. Isha keeps on raising the mercury of the internet with her hotness in bikini and sometimes in monokini. Fans not only like his pictures but also like and share fiercely. In these bold dresses, Isha flaunts her perfect figure and makes fans crazy. Every single photo of him gets likes in lakhs. At the same time, fans do not get tired of praising Isha in the comment section. Let us tell you that Isha Talwar was in the role of Madhuri Yadav, wife of Munna Bhaiya i.e. Divyendu Sharma in 'Mirzapur'. His role was well liked. It is known that recently 'Mirzapur 3' has been announced, in which she will be seen once again.



# Kriti Sanon was seen dancing fiercely at friend's wedding, won the hearts of fans in ethnic look

Kriti Sanon has made a special place in the industry due to her strong acting. Apart from acting, Kriti Sanon is also known for her style statement. Kriti is one of those beauties who feel free to experiment with her fashion, seeing that even the fans do not stop praising her. These days, a sharara look of Kriti is in the news, which she carried for her friend's wedding function. Along with her look, her dance video is also becoming very viral. Kriti wreaks havoc in every look-"Kriti Sanon never fails to impress the fans with her fashion. Be it lehenga or western dresses, Kriti carries every look very well. Recently, Kriti has shared some pictures on her social media, in which she is seen wearing a beautiful sharara set of light pink color. Kriti complemented the gorgeous look with tons of rings, bangles, beautiful necklaces and a small maang tika. At the same time, Kriti has also shared another picture in which her sister Nupur Sanon and mother are seen. Kriti Sanon danced fiercely, video is going viral- Another video of Kriti Sanon is becoming very viral on social media, in which she is seen dancing fiercely. Along with Kriti, her sister Nupur Sanon is also seen dancing. Fans are very fond of this dance video of Kriti and are praising her a lot. A user wrote in praise of Kriti, 'Kriti is like fresh air for me.' At the same time, another user wrote, 'Thumka Queen of Bollywood'.



# सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक, पुलिस ने लोगों से की यातायात नियमों के पालन की अपील

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-सडक सुरक्षा जीवन रक्षा 卐यातायात जागरुकता अभियान एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत जिलाधिकारी एटा श्री अंकित अग्रवाल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदयशंकर सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी श्री आलोक कुमार, अपर पुलिस अक्षीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती स्नेहलता अपर पुलिस अक्षीक्षक / क्षेत्राधिकारी नगर /यातायात श्री कालूसिंह, आरटीओ श्री हेमचंद गौतम, पी0टी0ओ0 अभिनव चौधरी, यातायात प्रभारी बचान सिंह, टीएसआई सतीश चन्द्र, हे0का0 यातायात सर्वेश कुमार व हे0का0 यातायात रामचरन सिंह एवं अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा नगर क्षेत्र के व्यापार मण्डल के पदाधिकारी, बस यूनियन, ऑटो यूनियन एवं अन्य व्यक्तियों के साथ संवाद किया गया एवं अलीगंज रामलीला मैदान में आटों, बस, टैक्सी आदि की पार्किंग को प्रस्तावित किया गया वही से नियमानुसार यातायात/ परिवहन का संचालन किया जायेगा। अलीगंज क्षेत्र में प्रचार वाहन द्वारा यातायात नियमों की जानकारी दी गयी। लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनके परिवारजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु अनुरोध किया गया। साथ ही उन्हें मिशन शक्ति अभियान के वारे में जानकारी देते हुए आकस्मिक टोल फ्री नम्बर 1090,112,108 आदि के बारे में बताया गया। उक्त अवसर पर दीनबन्धु दीनानाथ पी0जी0 कालेज में सड़क सुरक्षा से सम्बंधित कार्यशाला का भी आयोजन किया गया।

कार्यशाला में पुलिस बल द्वारा ट्रैफिक नियमों, संकेतों, हेलमेट सीट बेल्ट व अन्य सुरक्षा उपकरणों की अनिवार्यता के सम्बंध में जानकारी दी गई तथा सड़क सुरक्षा से सम्बंधित पम्पलेट वितरित किये गए। रोड़ पर स्थिति पार्किंग रहित ढावा पर खड़े ट्रकों के चालान किये गये। क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर चलने वाले आटों के पायदान कटवाये गये। ब्रीथ एनालाइजर के द्वारा मादक द्रव्य के सेवन करने वालों की जाँच की गयी। गोदाम तिराहा से रोडबेज बस स्टैण्ड तक अतिक्रमण हटावाया गया। दैनिक अभियान के दौरान वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट का प्रयोग न करने, तीन सवारी ,राँगसाइड, खतरनाक तरीके से वाहन चलानें, ओवरलोडिंग करने वालों के विरुद्ध 144 ई-चालान किये गये ।

## संदिग्ध परिस्थितियों में हुई तरबूज व्यापारी की मौत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-तरबूज व्यापारी के पुत्र ने लगाया हत्या का आरोप मौके पर पहुंचे परिजनों ने संबंधित थाना पुलिस को सूचना देने तथा हत्या की बात कही पुत्र अंशुल ने पिता की मौत को हत्या बताया कहा पिता के शरीर पर चोट के निशान हैं जिससे उनकी हत्या हुई है मृतक का पुत्र अज्ञात लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराने की बात कह रहा है पूरा मामला कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत जेएलएन डिग्री कॉलेज के पास का है फ़ोटो साभार

# आम आदमी पार्टी जनपद एटा की संगठन निर्माण एवं नगर निकाय चुनाव हेतु एक अत्यावश्यक बैठक

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-आम आदमी पार्टी जनपद एटा की संगठन निर्माण एवं नगर निकाय चुनाव हेतु एक अत्यावश्यक बैठक नगर पंचायत सकीट में हुई जिसमें जिला प्रभारी श्री कपिल बाजपेई जी ने सहभागिता की, तथा उन्होंने कहा के हम सभी को अभी से नगर निकाय चुनाव हेतु जुट जाना चाहिए और वार्ड स्तर पर वार्ड प्रभारी, मोहल्ला प्रभारी ,प्रत्येक 20 घरों पर बनाकर संगठन को मजबूती देने का कार्य करें ।उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में जनता भारतीय जनता पार्टी के भ्रष्टाचार से तथा कानून व्यवस्था की बिगड़ी हालात से तंग आकर जनता आम आदमी पार्टी की ओर देख रही है ,इसलिए हमें अपने संगठन को मजबूत करते हुए जनता की आकांक्षाओं पर खरा खरा उतरना चाहिए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री सुरेश कुमार वर्मा ने कहा की भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में शिक्षा पर कुल बजट का 3त्न और स्वास्थ्य पर कुल बजट का 3त्न खर्च कर रही है वही आम आदमी पार्टी दिल्ली में उपरोक्त दोनों मदों में कुल बजट का 22त्न खर्च करती है। इसलिए जनता को मूलभूत आवश्यकताएं बिजली ,पानी ,शिक्षा, स्वास्थ्य पर हर वर्ग ,हर धर्म एवं हर तबके के लोगों की पार्टी बनकर उभरी है ,इन्हीं अपेक्षाओं को हमें उत्तर प्रदेश में भी जनता के सम्मुख रखकर एक उत्तम प्रदेश बनाने का प्रयास करना है जिसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान में जुट जाए । जिला प्रभारी श्री कपिल बाजपेई जी ने कांग्रेस तथा अन्य दलों से आआये लोगों को पार्टी में सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर सुरेश कुमार वर्मा ( जिला अध्यक्ष ) महिपाल सिंह( पूर्व जिला उपाध्यक्ष ) उमेश कांत प्रतिहार ( निरवर्तमान जिला महासचिव ) पुष्पेंद्र कुमार( निरवर्तमान एटा विधानसभा अध्यक्ष ) मलिखानसिंह ( निरवर्तमान सकीट अध्यक्ष )अवतार सिंह, डॉ उदय कुमार ,विपिन कुमार , अमन शास्त्री, सहित सैकड़ों आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सूचना

■प्रिय सुधि पाठको आपको अवगत कराना है की 30 मई को कुछ तकनीक समस्या के कारण अगला अंक 01.06.2022 को प्राप्त हो सकेगा- प्रधान संपादक

# सदस्य उप्र अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग ने सुनी समस्याएं



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा सदस्य उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के. के. राज द्वारा आज लोक निर्माण निरीक्षण भवन में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों की समस्या एवं उत्पीड़न की रोकथाम के लिए एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति एवं जनजाति उत्पीड़न के मामले पर पूरी तरह गंभीर है। सभी मामलों में पीड़ितों को मुआवजा राशि समाज कल्याण विभाग द्वारा समय पर उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र, छात्राओं को शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि समय से मुहैया कराई जाए, ताकि विद्यार्थियों के शिक्षण कार्य में किसी भी प्रकार का अवरोध उत्पन्न ना हो। अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के व्यक्तियों को रोजगार मुहैया कराए जाने हेतु जो भी योजनाएं शासन स्तर से संचालितकी जा रही हैं, उनका व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र व्यक्तियों को लाभार्थीपरक, जनकल्याण कारी योजनाओं से आच्छादित किया जाए। जनपद में एक आवासीय विद्यालय निर्माणधीन है, जिसे अभी समाज कल्याण विभाग को हैंडओवर नही कराया गया है। उन्होंने उसे शीघ्र हैंड ओवर कर स्टाफ की तैनाती कराकर संचालित किए जाने के निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर शिव कुमार, क्षेत्राधिकारी कालू सिंह ,लेखाकार समाज कल्याण विभाग आदि उपस्थित रहे।

# बंदी का काव्य संग्रह उलझन हुआ विमोचन,केंद्रीय शहरी विकास मंत्री ने किया विमोचन,जेल सुधारों की अनूठी पहल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-कासगंज- जेल सुधारों के क्षेत्र में पिछले 16 वर्षों से सफलतापूर्वक का कार्य करने वाले जेल सुधारक , सामाजिक कार्यकर्ताडॉ.प्रदीप रघुनंदन के प्रयासों से जनपद कारागार कासगंज के बंदी अनुराग दुबे के काव्य संग्रह उलझन का विमोचन दिल्ली में शहरी विकास मंत्री कौशल किशोर जी ने अपने आवास पर किया। काव्य संग्रह उलझन में बंदी अनुराग दुबे की 60 कविताओं को शामिल किया गया है जिसमें कारागार में रहते हुए बंदियों की मानसिक स्थितियों का विशद वर्णन है द्य राष्ट्रीय चेतना, समसामयिक परिस्थितियां, पर्यावरण संरक्षण ,महिला सशक्तिकरण एवं बालिका संरक्षण जैसे विषयों पर भी बंदी ने अपनी लेखनी चलाई है। ज्ञात हो कि बंदी अनुराग दुबे फर्रुखाबाद के रहने वाले हैं और वह जनपद कारागार कासगंज में निरुद्ध रहने के बाद रिहा हो चुके हैं। कहा कि कारागार आने वाला प्रत्येक व्यक्ति अपराधी नहीं होता द्य कभी-कभी परिस्थितियां व्यक्ति को कारागार ले आती हैद्य कारागार में रहते हुए व्यक्ति मानसिक रूप से ,शारीरिक रूप से स्वस्थ और सामान्य बना रहे यही हमारा प्रयास है। जेल सुधारक ने कहा कि उत्तर प्रदेश के जेलो में अभूतपूर्व प्रयोग हो रहे हैं और बंदी अपने हुनर को अधिक से अधिक परिष्कृत कर कर जनता के सामने प्रस्तुत कर रहे हैं रचनात्मक लेखन अभियान इसी दिशा में एक अनूठा प्रयास है इसके अलावा जेल रेडियो के माध्यम से भी बंदी अपना स्वस्थ मनोरंजन करते हुए अपने अपने अंदर की गायन वादन क्षमता को प्रस्तुत कर रहे हैं। काव्य संग्रह उलझन के विमोचन के अवसर पर डॉ दयानंद, आदित्य शुक्ला, एडवोकेट नीरज शर्मा राहुल माथुर सुनील राजोरिया नरेंद्र पाल सिंह आदित्य मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित थे।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## थाना सूरजपुर पुलिस ने ईट भट्ठा में दबिश देकर 3 लाख 30 हजार रूपये कीमत के 25 टन अवैध कोयला किया जप्त, 1 गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश के बाद अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध पुलिस लगातार कार्यवाही में लगी हुई है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने रेहर स्थित एक ईट भट्ठा में दबिश देकर 25 टन अवैध कोयला जप्त कर 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी सूरजपुर गीता वाघवानी के मार्गदर्शन में थाना सूरजपुर की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर रविवार को रेहर स्थित दीपक यादव के ईट भट्ठा में दबिश दिया। ईट भट्ठा में 25 टन कोयला का संग्रहण होने पर ईट् भट्ठा संचालक से कोयला के संबंध में दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जो कोयला चोरी का होने के पूर्ण अंदेशा पर 25 टन कोयला कीमत करीब 3 लाख 30 हजार रूपये को जप्त कर धारा 41( 1-4 ) जा.फौ/379 भादवि के तहत कार्यवाही करते हुए ईट भट्ठा संचालक दीपक यादव को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना सूरजपुर के एसआई संतोष प्रधान आरक्षक इशित बेहरा, हरेन्द्र सिंह, तालिब शेख व आरक्षक रामकुमार नायक सक्रिय रहे।

## महिला संबंधी अपराधों में फरार आरोपियों के विरुद्ध जीपीएम पुलिस द्वारा की जा रही लगातार कार्यवाही

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही -पुलिस महानिरीक्षक रेंज बिलासपुर महोदय श्री रतन लाल डांगी द्वारा महिला संबंधी अपराध के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी आदेशित करने पर पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित करने पर एएसपी अर्चना झा एवं एसडीओपी श्री वाडेगावकर के मार्गदर्शन मे थाना गौरेला के अपराध क्रमांक 394/21 धारा 363, 366, 376 एवं 4-6 पोक्सो एक्ट के आरोपी दुर्गेश पूरी उर्फ मुच्चु पिता रघुनाथ पूरी उम्र 24 वर्ष निवासी भस्कुरा थाना गौरेला को पकड़ने में सफलता प्राप्त की गई । विदित हो कि आरोपी घटना कारित करने के बाद से लगातार फरार था जिसकी माह अक्टूबर 2021 से पुलिस लगातार पतासाजी कर रही थी। आरोपी अपना ठिकाना लगातार बदल रहा था। आरोपी के संबंध में मुखबिर से पुख्ता जानकारी मिली कि आरोपी दुर्गेश अपने भाई के घर ग्राम दमेढ़ी थाना राजेन्द्रग्राम अनूपपुर मध्यप्रदेश में छिपा हुआ है जिस पर तत्काल थाना प्रभारी गौरेला युवराज तिवारी की टीम के द्वारा ग्राम दमेड़ी थाना राजेन्द्रग्राम से आरोपी दुर्गेश पुरी को गिरफ्तार किया गया है ।

# पटवारी के मनमानी से ग्रामीणो परेशान, करेंगे आंदोलन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- दतिमा मोड़- भैयाथान भटगाव तहसील अंतर्गत विगत दिनों ग्राम बुंदिया मे आंधी तुफान से कई ग्रामीणो का मकान व सीट लाखों का क्षतिग्रस्त हुआ है लेकिन हल्का पटवारी 29 अभय सिंह अपने अटल व मनमानी रवैया पर अडिग है क्षतिग्रस्त ग्रामीणो के घर जाकर मौजा व पंचनामा बनाना उचित नही समझते अपने मनमानी रवैया पर अडिग है पटवारी अभय सिंह किसी के निजी निवास मे बैठकर पटवारी बैठे बैठे कागज तैयार करना उचित समझते है। ग्रामीणों का कहना है जहाँ क्षतिग्रस्त हुआ है पटवारी वहां नहीं जाना चाहते है ऐसे मे कैसे आंकलन होगा क्षतिग्रस्त ग्रामीण के मकान मालिक भरत चेरवा,फ,लसाय, अवतार लाल,सुरेन्द, रामप्रसाद, झमेलाल ओमप्रकाश पैकरा आदि ग्रामीण का कहना है यदि मौके पर आकर देखते तो कितना नुकसान हुआ सही तरीके से पंचनामा व मौजा प्रकरण बनता वहीं भरत चेरवा का कहना है मेरा एक लाख से अधिक का नुकसान हुआ है और पटवारी आता नहीं है ऐसे मे महज खाना पुरी करना चाहते है। वहीं भाजपा मंडल महामंत्री रमेश गुप्ता, पूर्व जनपद सदस्य अमिन सिंह का कहना है पटवारी फोन नहीं उठाते हम इसका लिखीत शिकायत कलेक्टर को आवेदन दिए है यदि पटवारी अभय सिंह दो दिन के अंदर क्षतिग्रस्त ग्रामीणो का मुवाजा प्रकरण घर जाकर नहीं बनाता है तो एसडीएम को ज्ञापन देकर ग्रामीणों व भाजपा पदाधिकारायो के साथ उग्र आंदोलन व चकाजाम करेंगे।



## पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा की उपस्थिति में प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना गया



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति में मन की बात कार्यक्रम सुना गया भाजपा कार्यकर्ता रहें उपस्थित ओड़गी-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश की जनता को मासिक रेडियो कार्यक्रम %मन की बात% के जरिये संबोधित किया। इस कार्यक्रम को टीवी, फेसबुक, ट्विटर, YouTube और मोबाइल एप पर भी लाइव प्रसारित किया गया। ये %मन की बात% का 89वां संस्करण है। मालूम हो कि ये कार्यक्रम हर महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होता है। कार्यक्रम को पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा की उपस्थिति में अपने गृहग्राम चेन्द्रा में प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। वहीं ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी के घर में मन की बात कार्यक्रम को सुना गया।इस मौके पर सूर्यप्रताप सिंह, लवकेश पैकरा जिला पंचायत सदस्य, विकास गुर्जर उप सरपंच, भाजपा महामंत्री प्रवीण गुर्जर, विश्वरंजन गुर्जर उपाध्यक्ष भाजयुमो, मनोज गुर्जर, मोती राजवाड़े, गुलाब साय राजवाड़े, रामचरित्र राजवाड़े, बृजेश काशी रामबरन राजवाड़ेअशोक यादव , नान हिरा व भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सभी वर्गों को व्यवसायिक अवसर देने 433 लाख के विकास कार्यों की विधायक रखेंगे आधारशिला

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-नगर पालिका परिषद सूरजपुर अंतर्गत सुभाष चौक में शॉपिंग कंपलेक्स एवं हाईटेक बस स्टैंड में लघु व सीमांत व्यवसायियों के लिए व्यवसायिक परिसर के निर्माण कार्य का शिलान्यास तथा साप्ताहिक बाजार परिसर में परंपरागत व्यवसायिक परिसर का लोकार्पण 30 मई सोमवार को क्षेत्रीय विधायक खेलसाय सिंह व पूर्व जिला पंचायत सदस्य विंध्येश्वर शरण सिंहदेव (विंकी बाबा) समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया जाएगा।

इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष के.के अग्रवाल ने बताया कि सुभाष चौक में 315 लाख की लागत से भव्य शॉपिंग कांप्लेक्स और हाईटेक बस स्टैंड परिसर में गरीब व्यवसायियों के लिए 118 लाख की लागत से व्यवसायिक परिसर का निर्माण निकाय निधि से किया जा रहा है, वहीं राज्य परिवर्तित योजना के तहत साप्ताहिक बाजार परिसर में 60 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पौनी पसारी व्यवसायिक परिसर के प्रथम फेज का लोकार्पण किया जाएगा उन्होंने बताया कि विधायक खेलसाय सिंह व अन्य अतिथियों के हाथों मिल रही 433.17 लाख रुपए के कार्यों की सौगात सूरजपुर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा शहर में व्यवसायिक अवसर बढ़ेंगे और निकाय आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा ।

## भाजपा मंडल बिहारपुर में रेडियो प्रसारण के माध्यम से सुनी गई मोदी जी की मन की बात



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर- प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार जिला संगठन मार्गदर्शन में भाजपा मंडल बिहारपुर चांदनी के पोलिंग बूथों पर रेडियो प्रसारण के माध्यम से सुनी गई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात भाजपा मंडल बिहारपुर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने घर परिवार के साथ पोलिंग बूथ बिहारपुर ठाडपाथर महुली बिशालपुर सहित दर्जनों पोलिंग बूथों पर रेडियो प्रसारण के माध्यम से सुनी गई इस दौरान उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर बैस महामंत्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता मंत्री मदनलाल जायसवाल सहकारिता प्रकोष्ठ मण्डल संयोजक मुकुन्दलाल जायसवाल मिडिया प्रभारी लालबहादुर यादव किसान मोर्चा मंडल महामंत्री शिवधन गुप्ता मनीलाल गुप्ता भगवान दास विश्वकर्मा सिकेन्द्र कुमार राम?अधीन पाल श्यामनारायण बैस रामबिहारी बैस सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।